30/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के कानपुर में लगभग अड़तालीस हझार करोड़ रुपये से अधिक की 15 मेगा विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने चुन्नीगंज और नयागंज के बीच कानपुर मेट्रो के नए कॉरिडोर को भी हरी झंडी दिखाई।

000000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हाल ही में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित निवासियों के लिए एक विशेष राहत पैकेज की घोषणा की। पीड़ितों के परिवारों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद पुंछ शहर में बोलते हुए, श्री शाह ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार पूर्ण सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

000000000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में 15 नर्सिंग प्रोफ़ेशनल्स को **राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2025** प्रदान किए। यह पुरस्कार नर्सिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। इसी के तहत राज्य के पापुम पारे जिले की **डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ नर्सिंग ऑफ़िसर**, **किजुम सोरा कारगा** को भी इस पुरस्कार से सम्मनित किया गया है।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू द्वारा आज ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश सिविल सेवा अधिकारी संघ के 16वें त्रिवार्षिक सम्मेलन में भाग लेते हुए, अरुणाचल प्रदेश सिविल सेवा अधिकारियों से राज्य के विकास की जिम्मेदारी लेने और शासन में परिवर्तनकारी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

0000000000000000000000000

एक अन्य कार्यक्रम में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू द्वारा आज शिक्षा विभाग के तहत राज्य भर में 750 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं की डिजिटल रूप से आधारशिला रखी गई। इन परियोजनाओं को आरडब्ल्यूडी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत सरकारी स्कूलों की सभी बुनियादी ढांचागत जरूरतों को पूरा किया जाएगा और साथ ही राज्य की शिक्षा प्रणाली को फिर से जीवंत करने के लिए नीतिगत निर्णय भी लिए जाएंगे।

0000000000000000000000000

आज तवांग जिले के क्यिडफेल में **विकसित कृषि संकल्प अभियान** का दूसरा सफल आयोजन किया गया, जिसमें विधायक नामगे सेरिंग मुख्य अतिथि के रूप शिरकत की।

जिले के वाइब्रेंट विलेज जेमिथांग में भी **विकसित कृषि संकल्प अभियान** के तहत **प्री खरीफ आउटरीच कैंपैन** का औपचारिक रूप शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जेमिथांग ईएसी इन चार्ज दीवान मारा द्वारा कृषि रथ को हरी झंडी भी दिखाई गई।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के वेस्ट कामेंग, लोअर सुबनसिरी, वेस्ट सियांग, लोहित और चांगलांग जिले के लिए रेड अलर्ट, ईस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, अपर सुबानसिरी, अपर सियांग, लोअर सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, तिराप और लोंगदिंग के लिए ऑरेंज अलर्ट और तवांग, कुरुंग कुमे, क्रा दादी, कामले, शी-योमी और सियांग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने के साथे ही तेज हवांए चलने की संभवना है।

0000000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासिघाट में खेली जा रही हांगपन दादा मेमोरियल ट्रोफ़ी मे आज के लड़कियों की फ़ूटबॉल सेमीफाइनल मुकाबले में टिम ईस्ट कामेंग ने लोअर सियांग को और ईस्ट सियांग ने लोहित को हराकर फ़ाईनल्स में अपनी जगह पक्की कर ली है।

इस बीच, लड़कियों की वॉलीबॉल स्पर्धा में, ईस्ट सियांग, क्रा दादी, कामले और कैपिटल कॉम्प्लेक्स ने क्वार्टर फाइनल मैच में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

0000000000000000000000

लोअर सुबनसिरी जिले में गुरुवार को आयोजित 9वीं NCORD समन्वय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त विवेक एचपी ने इस बात पर जोर दिया है कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटना केवल प्रशासन और पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह एक सामूहिक लड़ाई है जिसमें समाज के हर व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है।

0000000000000000000000

गुरुवार को अपर सुबनसिरी जिले में सिगिन नदी के खतरे के स्तर को पार करने के कारण 80 से अधिक आरसीसी और सेमी-आरसीसी घरों सहित आवश्यक बुनियादी ढांचे को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा है। बिगड़ती परिस्थितियों के मद्देनज़र, उपायुक्त तासो गाम्बो ने आपदा-ग्रस्त क्षेत्रों के निवासियों को सतर्क रहने और जान-माल के नुक्सान को कम करने के लिए सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने की सलाह दी है।

0000000000000000000000

सर्वोच्च न्यायालय ने आज निर्देश दिया है कि आगामी 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा- नीट-पीजी को एक ही बार में आयोजित की जाए साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

000000000000000000000000

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने वर्ष 2025 के लिए स्पोर्ट्स कोटे के तहत 403 रिक्त पदों को भरने के लिए राष्ट्रव्यापी भर्ती अभियान की घोषणा की है। अधिक जानकारी के लिए cisfrectt.cisf.gov.in पर लोगइन कर सकते है।

000000000000000000000000

अपनी वार्षिक रिपोर्ट में, RBI ने कहा है कि, भारतीय अर्थव्यवस्था 2025-26 के दौरान सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगी।

000000000000000000000000